## एक नजर में



### संबल योजना बनी सहारा, परिजनों को मिली सहायता राशि

**भैरुंदा.** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत शास्त्री कॉलोनी निवासी स्वर्गीय ऊषा दुबे के परिवार को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई. असमय निधन के बाद सहायता राशि का स्वीकृति पत्र स्व. ऊषा दुबे के पति सुधीर दुबे एवं पुत्र स्वयं दुबे को सौंपा गया. इस अवसर पर नप अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं विधायक रमाकांत भार्गव के नेतृत्व में संचालित संबल योजना प्रदेश के लाखों परिवारों के लिए संकट के समय में बड़ा सहारा साबित हो रही है. नप उपाध्यक्ष प्रतिभा मकवाना व उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना ने कहा कि जनहितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है.



### महाविद्यालय के पहले चरण में प्रवेश की तिथि 15 मई

**इछावर.** कालेज में पहले चरण में ऑनलाईन यूजी प्रवेश की तिथि 15 मई है, इसके अलावा कालेज आधार पर भी प्रवेश दिया जाएगा. प्राचार्या डॉ.सुनीता यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने पंसद का पाठ्यक्रम चयन कर पंजीयन कराएं. इसके बाद दस्तावेज का सत्यापन पश्चात प्रवेश सूची 20 मई को जारी होगी शुल्क 20 से 26 मई तक जमा कराए जा सकेंगे. कालेज चलो अभियान प्रभारी डॉ. अरविंद बैस एवं प्रोफेसर सीताराम विश्वकर्मा ने कक्षा 12 वीं में पास हुए विद्यार्थियों को निकटतम शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश के लिए उत्साहित किया एवं मार्गदर्शन दिया है.



### विद्यार्थियों को दी फोटोनिक्स कंप्यूटिंग की जानकारी

**सीहोर.** श्री सत्यसाईं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज में नेशनल टेक्नोलॉजी डे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता बेंगलुरु के प्रिंसिपल इंजीनियर डिजाइन अभिजीत चटर्जी थे. उन्होंने हाइब्रिड मोड ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से संबोधित कर भविष्य की तकनीक में फोटोनिक्स के महत्व और एआई के क्षेत्र में इसके बदलावों पर प्रकाश डाला. प्रो. मुकेश तिवारी कुलगुरु, डॉ. राजेश शर्मा कुलसचिव, डॉ. संजय राठौर परीक्षा नियंत्रक, डॉ. राजेंद्र कुशवाह डीन, डॉ. रंजीत कुमार पुसे ,डॉ. गीता खूबचंदानी, डॉ. नीलेश दिवाकर, और डॉ. मोहित गंगवार की भूमिका रही. समन्वय देश दीपक श्रीवास ने किया.



### स्वास्थ्य शिविर में किया 929 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** जिले भर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है. इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में मंगलवार को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 567 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 362 बच्चों का टीकाकरण किया गया. इसके साथ ही 133 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.



### भंवरा ग्राम को मिली 4 करोड़ की सीसी रोड की सौगात

**आष्टा.** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत भंवरा में 4 करोड़ 1 लाख रुपए की लागत से सिद्धेश्वर धाम तक बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया. विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आष्टा विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य जारी हैं और आने वाले समय में हर गांव को विकास की नई सौगातें मिलेंगी. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जल जीवन मिशन, नर्मदा पार्वती लिंक योजना सहित कई बड़ी योजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है, जिससे किसानों और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा. विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम में राजा भोज की प्रतिमा स्थापना के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की. करीब 65 लाख रुपए के अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया. इन कार्यों में 25.50 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण, 25 लाख रुपए के नए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, 10 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण तथा 5 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण शामिल है.

# फिसड्डी साबित हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान

## रैंकिंग में जिला प्रदेश में सबसे निचले पायदान पर, 41 दिन से सीवन पुत्र कर रहे नदी की सफाई

- मुख्यालय पर दम तोड़ गया जल गंगा संर्वधन अभियान
- शहर के ऐतिहासिक जलस्त्रोत प्रशासन की उपेक्षा के शिकार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 मई. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की नदियों, कुओं और बावड़ियों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के उद्देश्य से शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' जिला मुख्यालय सीहोर में दम तोड़ता नजर आ रहा है. स्थिति यह है कि अभियान की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर जिला सबसे निचले पायदान पर पहुंच गया है. सरकारी अमले की उदासीनता और जिम्मेदारों की निष्क्रियता के कारण अभियान कागजों तक सीमित होकर रह गया है, जबकि शहर के युवा स्वयं श्रमदान कर व्यवस्था को आईना दिखा रहे हैं.**



**सीहोर.** कभी शहर की प्यास बुझाने का दारोमदार निभाने वाले प्राचान जल स्त्रोज उपेक्षित होकर कचरा घर नजर आ रहे हैं.

शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी की बदहाली दूर करने के लिए जहां प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दी, वहीं सीवन पुत्र और सीवन योद्धा नाम से जुड़े युवाओं ने मोर्चा संभाल लिया. पिछले 41 दिनों से लगातार श्रमदान कर रहे इन युवाओं ने नदी के कई घाटों की तस्वीर बदल दी है. बुधवार को यह अभियान 42वें दिन में प्रवेश कर गया.

युवाओं की मेहनत से हनुमान फाटक, महिला घाट, हाथी घाट और बैंगन घाट जैसे क्षेत्रों में साफ-सफाई और गहरीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है. सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप चावड़ा और उनके साथियों के नेतृत्व में हनुमान फाटक क्षेत्र में नदी का गहरीकरण किया जा रहा है, जबकि लक्कड़पुल क्षेत्र में पिचिंग का कार्य भी जारी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासनिक सहयोग मिलता तो यह अभियान और व्यापक रूप ले सकता था.

एक ओर युवा नदी बचाने की मुहिम चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के मण्डी क्षेत्र के ऐतिहासिक कुएं बदहाली का शिकार बने हुए हैं. कभी पूरे शहर की प्यास बुझाने वाले ये कुएं आज गंदगी, काई और मिट्टी से पटे पड़े हैं. बुजुर्ग बताते हैं कि जब पार्वती नदी से जल सप्लाई की व्यवस्था नहीं थी, तब नागरिकों ने चंदा एकत्र कर और रात-रात भर मेहनत करके इन कुओं की खुदाई करवाई थी. उस दौर में यही कुएं शहर के पेयजल का प्रमुख स्रोत हुआ करते थे.

सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल संरचनाओं का पुनर्जीवन, गहरीकरण, साफ-सफाई और अतिक्रमण हटाना था। नागरिकों को उम्मीद थी कि इस अभियान के तहत सीहोर की ऐतिहासिक बावड़ियों और कुओं का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा, लेकिन धरातल पर तस्वीर इसके विपरीत नजर आ रही है. सरकारी फाइलों में अभियान भले ही सक्रिय हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश जल स्त्रोत प्रशासन की अनदेखी का शिकार बने हुए हैं.

लोगों का कहना है कि समय रहते ऐतिहासिक जल संरचनाओं को नहीं बचाया गया, तो आने वाली पीढ़ियां केवल इनके किस्से ही सुन पाएंगी. फिलहाल, सीवन पुत्रों और युवाओं की मेहनत ही इस अभियान की वास्तविक तस्वीर बनकर सामने आ रही है.

### अकेले मंडी क्षेत्र में ही 15 से अधिक प्राचीन कुएं मौजूद

मण्डी क्षेत्र में करीब 15 से अधिक ऐतिहासिक कुएं मौजूद हैं, लेकिन आज इनकी हालत बेहद खराब हो चुकी है. फ्रीगंज क्षेत्र में नेमी की दुकान के पास स्थित कुआं, गणेश मंदिर के सामने और भीतर के कुएं, गल्ला मण्डी की बावड़ी, वर्कशॉप रोड स्थित जीन वाला कुआं तथा वर्कशॉप कॉलोनी के पीछे स्थित कुएं उपेक्षा के कारण अपनी पहचान खोते जा रहे हैं. इन जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए.

### पदभार ग्रहण करने एक गाड़ी से पहुंचेंगे भोपाल



**भैरूंदा.** मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रवि मालवीय 14 मई गुरूवार को अपना पदभार ग्रहण करेंगे. इस दौरान वे सिर्फ एक गाड़ी से भोपाल पहुंचकर पदभार संभालेंगे. उन्होंने अपील की है कि सभी लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर अमल करें एवं कम से कम वाहनों का उपयोग करें. वे भैरूंदा से रवाना होंगे तो उनके साथ काफिला शामिल नहीं होगा. उल्लेखनीय है कि पहले तैयारियां थीं कि वे काफिले के साथ भोपाल पहुंचकर पदभार ग्रहण करेंगे, लेकिन अब वे सिर्फ एक गाड़ी से ही भोपाल पहुंचेंगे और अपना पदभार ग्रहण करेंगे. सरकार ने उन्हें मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया है. गौरतलब है कि डीजल-पेट्रोल का कम से कम उपयोग करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से अपील की गई है. इसी का असर है कि नव नियुक्त निगम अध्यक्ष केवल एक वाहन से भोपाल पहुंचेंगे और पदभार ग्रहण करेंगे.

## पेपर लीक के आरोपी के तार सीहोर से जुड़े

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 मई.** नीट पेपर लीक मामले में राजस्थान पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक निवासी शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया है. आरोपी का संबंध सीहोर स्थित श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी से बताया जा रहा है, जिसके बाद मामले के तार सीहोर से भी जुड़ने की आशंका जताई जा रही है.




जानकारी के अनुसार शुभम खैरनार ने वर्ष 2021 में विश्वविद्यालय के आयुर्वेद चिकित्सा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था. हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में कथित धांधली के आरोपों के बीच राजस्थान पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है. इधर, विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मामले से दूरी बनाते हुए कहा है कि शुभम का संस्थान से केवल नाममात्र का संबंध रहा है. विश्वविद्यालय के कुलगुरू मुकेश तिवारी ने बताया कि प्रवेश लेने के बाद शुभम कभी विश्वविद्यालय नहीं आया. न ही उसने किसी परीक्षा में भाग लिया और न ही किसी शैक्षणिक गतिविधि में उसकी उपस्थिति दर्ज हुई. फिलहाल मामले की जांच जारी है और राजस्थान पुलिस विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ कर रही है. वहीं बुधवार को थाना कोतवाली प्रभारी रविन्द्र यादव श्री सत्यसाईं विश्वविद्यालय पहुंचे और वहां कुलगुरू व स्टाफ के बयान लिए. इसके अलावा शुभम खैरनार के शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रतिलिपि भी साथ लेकर गए हैं.

# महाराणा प्रताप जयंती पर स्थापित होगी प्रतिमा

- पावर हाउस चौराहे पर स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा
- नपाध्यक्ष व सीएमओ ने किया चौराहे का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 मई.** नगर में वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर पावर हाउस चौराहे पर उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी.

प्रतिमा स्थापना एवं चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर आज नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने कहाकि नगर में विरासत, राष्ट्रभक्ति और वीरता के साथ विकास कार्य किए जा रहे है. इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने मातृभूमि, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया. उनका जीवन संघर्ष, साहस और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है. उन्होंने कहा कि नगरवासियों की लंबे समय से मांग थी कि नगर के प्रमुख स्थल पर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित की जाए, जिसे अब साकार किया जा रहा है.



नगरपालिका अध्यक्ष राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव राष्ट्रनायकों, महापुरुषों और भारत की गौरवशाली संस्कृति को सम्मान देने का कार्य कर रही है. महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा केवल एक स्मारक नहीं होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी. उन्होंने कहा कि नगर में विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित और सम्मानित करने का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापना स्थल पर आकर्षक सौंदर्यीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक बन सके. इस अवसर पर सीएमओ सुधीर सिंह, पार्षद मुकेश मेवाड़ा, नरेंद्र राजपूत, इंजीनियर प्राची सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

### महिला पॉलिटेक्निक में हुई क्विज़ प्रतियोगिता

**सीहोर.** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में भारतीय मानक ब्यूरो अंतर्गत संचालित स्टैंडर्ड क्लब द्वारा तकनीकी क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई. छात्राओं ने तकनीकी विषयों, गुणवत्ता मानकों एवं सामान्य तकनीकी ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग एवं मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट विभाग की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. पंकज जैन, हेमंत अंबुलकर, मेंटर विश्वास बगवैया एवं स्टाफ उपस्थित था.

# दिन- दहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने किया बुजुर्ग का अपहरण

- बिलकीसगंज थाना क्षेत्र से किया था बुजुर्ग का अपहरण
- बुधवार को पुलिस बुजुर्ग को लेकर भोपाल पहुंची

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 मई.** मंगलवार को समीपस्थ बिलकीसगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढाबला केलावाड़ी से कार सवार नकाबपोश बदमाशों द्वारा बुजुर्ग का अपहरण करने की सनसनीखेज वारदात से परेशान पुलिस ने उस वक्त राहत की सांस ली जब मंगलवार की रात को ही बुजुर्ग भोपाल के जवाहर चौक पर सुरक्षित मिल गया. बुजुर्ग का कहना था कि बदमाशों ने उससे बायोमेट्रिक साईन कराने के बाद आटो में बैठा दिया था. बुधवार को पुलिस बुजुर्ग को लेकर भोपाल के वह सभी संभावित स्थानों पर पहुंची जहां ले जाने का बुजुर्ग बता रहे थे, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल सका है.



गौरतलब है कि ग्राम ढाबला केलावाड़ी निवासी बुजुर्ग प्रेमसिंह मेवाड़ा का कार सवार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उस वक्त अपहरण कर लिया था जब वह घर से मंदिर जा रहे थे. प्रेमसिंह ने अपहरण के दौरान हिम्मत करके किसी तरह अपने बेटे जगदीश मेवाड़ा को फोन लगाकर बताया कि कुछ लोग उन्हें जबरन कार में बैठाकर भोपाल की ओर ले जा रहे हैं. इसके बाद उनका फोट कट गया था. जगदीश ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी. दिन- दहाड़े अपहरण की घटना से पुलिस सर्तक हुई और सरगर्मी से बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी. मामले की संजीदगी को देखते हुए एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना भी बिलकीसगंज थाने पहुंचीं थीं. पुलिस भोपाल जाने वाले रास्तों के हर सीसीटीवी को खंगालती रही. इस बीच रात लगभग 8 बजे अपहृत प्रेमसिंह ने अपने पुत्र जगदीश को फोन लगाकर खुद को जवाहर चौक पर मौजूद रहना बताया. जगदीश ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंचकर पुलिस ने प्रेमसिंह को अपने सामने देखा तो राहत की सांस ली.

पूछताछ में प्रेमसिंह ने बताया कि बदमाश उसे लेकर भोपाल में कलेक्ट्रेट स्थित किसी दुकान पर ले गए जहां उसके अंगूठे का बायोमेट्रिक साईन लिया. इसके बाद बदमाश उसे भोपाल में यहां-वहां घुमाते रहे और फिर एक ऑटो में उसे बैठा दिया. ऑटो से बुजुर्ग जवाहर चौक पहुंचा और ऑटो चालक के मोबाइल से अपने पुत्र जगदीश को सूचना दी. बुजुर्ग के सकुशल मिल जाने से राहत महसूस कर रही पुलिस बुधवार को बुजुर्ग को लेकर भोपाल के उन सभी स्थानों पर गई जहां बुजुर्ग प्रेमसिंह खुद को अपहरणकर्ताओं के साथ जाना बता रहे थे, लेकिन प्रेमसिंह स्पष्ट वह दुकान नहीं बता सके जहां अपहरणकर्ता उन्हें लेकर गए थे. शाम तक थाना प्रभारी संदीप मीणा एवं पुलिस बल मामले की पड़ताल में जुटा हुआ था.

**मौसम** ▶ मौसम विभाग ने अगले सप्ताह में तापमान 46 डिग्री पार जाने की जताई संभावना

# आसमान साफ होते ही गर्म हवाओं ने बढ़ाई तपिश, पारा 44 पर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 13 मई.** मौसम साफ होते ही जिले में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं. बुधवार को सीहोर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. यह इस सीजन की अब तक की सबसे गर्म रात रही. बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान में 2.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तापमान में अचानक आई तेजी के कारण दिनभर लू जैसे हालात बने रहे और लोगों को तेज गर्म हवाओं का सामना करना पड़ा.

इन दिनों सूबे सहित संपूर्ण जिले में भीषण गर्मी के तेवर पूरे शबाव पर हैं. आसमान से बरस रही आग ने लोगों को बेहाल कर दिया है. गर्मी का आलम यह है कि रात में भी गर्म हवाएं चलने से लोग घरों में सकून से सो नहीं पा रहे हैं. मौसम विभाग के अनुसार हवा का रुख बदलना इस बढ़ती गर्मी का प्रमुख कारण माना जा रहा है. आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इस समय सामान्यत: हवा पश्चिमी दिशा से चलती है, लेकिन अब हवा का रुख बदलकर उत्तर-पूर्वी हो गया है. यही कारण है कि तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है. उन्होंने कहा कि यदि अगले कुछ दिनों तक यही स्थिति बनी रही तो अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है.

एक दिन पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन बुधवार को पारा अचानक उछलकर 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री तक पहुंच गया. बढ़ती गर्मी और शुष्क हवाओं के कारण दोपहर के समय शहर की सड़कें और बाजार लगभग सूने नजर आए. लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकलते दिखाई दिए. गर्म हवाओं के चलते आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है.



मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश के ऊपर एक चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है, जिसके प्रभाव से आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है. सप्ताह के अंत तक तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पार पहुंचने की संभावना जताई जा रही है. फिलहाल आसमान साफ रहेगा और तेज धूप का दौर जारी रहेगा. हालांकि 15 मई के बाद उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिसके प्रभाव से बाद में आंशिक बादल छा सकते हैं. फिलहाल जिलेवासियों को भीषण गर्मी व लू से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं.

### महिला मंडल 18 से कराएगा कथा

**सीहोर.** शहर के खंजाची लाइन में अधिकमास पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वाधान में आगामी 18 मई सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा. इसको लेकर गुरुवार को महिला मंडल के तत्वाधान में भगवान गणेश, नृसिंह भगवान, हनुमान और भैरव बाबा के यहां पर निमंत्रण पत्र भेंट किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला और समाजजन शामिल रहे. सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष सुश्री नीलम शर्मा ने बताया कि आगामी 18 मई से होने वाली सात दिवसीय भागवत कथा भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी के द्वारा की जाएगी. धर्मशाला में कथा की तैयारियां शुरू हो गई है. वहीं महिला मंडल द्वारा भागवत कथा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है.